श्री मुक्तानन्द आश्रम का प्रकृतिक सौन्दर्य

सिद्धयोग पथ पर, हम समस्त सृष्टि में भगवान की दिव्य उपस्थिति की अभिस्वीकृति करते हैं और यही दिव्यता प्राकृतिक जगत में असंख्य रूपों में प्रकट होती है। प्रकृति में जो सौन्दर्य और विस्मय हमें दिखाई देता है, वह हमें प्रेरित कर सकता है कि एक जिज्ञासु होने के नाते हम अपने अन्तर में और अपने चारों ओर उस सौन्दर्य को पहचानें।

Nature Gallery [नेचर गैलरी] में जो फ़ोटो दिए गए हैं वे श्री मुक्तानन्द आश्रम के मनोरम परिसर से लिए गए हैं, जहाँ वर्तमान में श्रीगुरुमाई का वास्तव्य है। यह आश्रम न्यूयॉर्क शहर के उत्तरी भाग में स्थित है और चारों ओर विस्तृत वनों व ऊँची-नीची पहाड़ियों से घिरा हुआ है, जिनमें कई वन्यजीव भी रहते हैं। समय लेकर गैलरी को देखें। इन छवियों के माध्यम से श्रीगुरु के धाम की निर्मल प्रशान्ति में प्रवेश करें और इन छवियों में झलकती प्रकृति की आभा, आपको स्वयं अपने महान हृदय की आभा से जोड़ दे।

©२०२० एस.वाय.डी.ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।